दिनांक–01.10.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा–स्वच्छ भारत मिशन में दुनिया के सबसे बड़े जन आंदोलन को दिया जन्म।
- अंतर राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर प्रदेश में आज कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेश में आज से वन्य जीव सप्ताह का होगा शुभारंभ। भोपाल के वन विहार में आयोजित होगा कार्यक्रम।
- भारत बांग्लादेश के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच का आज पांचवा और अंतिम दिन।

स्वच्छता ही सेवा–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता के लिए दुनिया के सबसे बड़े जन–आंदोलन को जन्म दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए जागरूक करना इस मिशन की एक प्रमुख सफलता रही। प्रदेश में 70 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण कर संपूर्ण रूप से खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है। मिशन के दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम की ओडीएफ की स्थिति को निरंतर रखते हुए ठोस एवं तरल अपशिष्ट का निपटान भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती एवं स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता के दृष्टिकोण को शासकीय एवं सामुदायिक प्रयासों से जन–जन तक पहुंचाने के लिए "स्वच्छता ही सेवा" अभियान पखवाड़ा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर समारोह के साथ सम्पन्न होगा। सभी ग्रामों में 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं का अयोजन होगा। इसमें स्वच्छता पखवाड़े में हासिल उपलब्धियों से ग्रामवासियों को अवगत कराया जाएगा तथा स्वच्छता परिसंपतियो का शिलान्यास और कचरा वाहनों का लोकार्पण किया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर, प्रदेशभर में आज समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय स्तर पर वृद्धजनों के लिये विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। असंचारी रोगों के लिए स्क्रीनिंग एवं उपचार की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। शिविर में आभा कार्ड एवं पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर साल 1 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वृद्धजनों के स्वास्थ्य, कल्याण और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आगरमालवा जिले में भी आज से गरिमा के साथ वृद्धावस्था, वृद्ध व्यक्तियों के लिये देखभाल और समर्थन प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व थीम पर मनाया जाएगा। इस मौक़े पर वृद्धजन का सम्मान, 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वृद्धजनों का शतायु सम्मान होगा।

मोदी सरकार के सौ दिन

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों में देश के बुनियादी ढांचा में तेजी से परिवर्तन आ रहा है। डिंडौरी जिले के रायपुरा गांव की महिला समूह की सचिव सुमन धूमकेती ने बताया है कि उन्होंने सिंचाई के लिए बने तालाब पर मछली पालन का काम शुरू किया। जिससे उनकी अजीविका में सुधार हुआ है।

पन्ना टाइगर रिजर्व

प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व आज से आम लोगों के लिए खुल जाएंगे। पन्ना टाइगर रिजर्व भी पर्यटकों के लिए खोल दिया जायेगा। यहां पर्यटकों के लिए सफारी 30 जून को बंद हो गई थी। पन्ना टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की ने आकाशवाणी को बताया कि अब 3 माह बाद 1 अक्टूबर से सफारी फिर शुरू हो जाएगी।

वन विहार

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार वन्य–जीव सप्ताह–2024 का शुभारंभ करेंगे। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में इसका आयोजन एक से 7 अक्टूबर तक किया जायेगा। वन्य–जीव के प्रति रुचि तथा अपनत्व की भावना विकसित करने के साथ–साथ वन्य–जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन में जन–भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन्य–जीव सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्ष सम्पूर्ण भारत में किया जाता है। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन एवं वन्य–जीव संरक्षण के प्रचार–प्रसार के लिये विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिये कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेंगी। इसके साथ ही आज से कान्हा नेशनल पार्क फिर पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। आज से एक सप्ताह तक कान्हा में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमे स्कूल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

रायसेन– स्वच्छता ही सेवा अभियान

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। आज रायसेन नगर में स्वच्छता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। रायसेन नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने बताया की अभियान के तहत नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है और जानकारी हमारे रायसेन प्रतिनिधि विनीत महेश्वरी से

भारतीय प्रशासनिक सेवा, मुख्य सचिव–अनुराग जैन

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन प्रदेश के नए मुख्य सचिव होंगे। इस पद पर उनका कार्यकाल अगस्त 2025 तक रहेगा। इस संबंध में कल रात आदेश जारी किए गए हैं। कल मुख्य सचिव वीरा राणा का कार्यकाल पूरा हो गया। उनकी जगह वरिष्ठता के आधार पर श्री जैन को इस पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ हैं।

टेस्ट क्रिकेट–5वां दिन

कानपुर में खेले जा रहे क्रिकेट टेस्ट मैच के अंतिम दिन आज बांग्लादेश अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन से आगे खेलेगा। इससे पहले, कल चौथे दिन भारत ने 52 रन की बढ़त के साथ 9 विकेट पर 285 रन पर अपनी पहली पारी घोषित की थी। भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाए। यशस्वी जयसवाल ने 31 गेंदों में अर्धशतक बनाया। यह किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज का सबसे तेज़ अर्धशतक है। के.एल. राहुल ने 43 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी खेली। बांग्लादेश की टीम अपनी पहली पारी में 233 रन पर सिमट गई। चेन्नई में भारत से पहला टेस्ट हारने के बाद बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में एक–शून्य से पीछे है।

समाचार संक्षेप में .....

- जम्मू कश्मीर विधानसभा के लिए आज तीसरे और अंतिम चरण का मतदान हो रहा है। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। पहले चरण में 18 सितम्बर और दूसरे चरण में 25 सितम्बर को मतदान हुआ था।
- शाजापुर में आगामी माह में आने वाले प्रमुख त्यौहारों को शांति एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाये जाने के लिए कल कलेक्टर ऋजु बाफना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।
- निवाड़ी कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में एसडीएम पृथ्वीपुर अनुराग निंगवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें श्री निंगवाल ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
- माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के आवेदन–पत्र सामान्य शुल्क के साथ भरने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। इन परीक्षाओं के लिये आवेदन अब 7 अक्टूबर, तक भरे जा सकेंगे। पूर्व में यह तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की गई थी।
- चौथी इंडियन ओपन अंडर–23 प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन पाटिलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना (बिहार) में 28 से 30 सितंबर तक हुआ। इसमें प्रदेश राज्य एथेलेटिक्स अकादमी के पोल वॉल्ट खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण एवं 2 रजत सहित 3 पदक जीता है।

....................................